


**PRESS RELEASE**

**PLANNED DISRUPTIONS ARE HARMFUL TO DEMOCRACY; ORDERLY CONDUCT OF LEGISLATIVE PROCEEDINGS IS PARAMOUNT: LOK SABHA SPEAKER/लोकसभा अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक दलों से विधायी संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने और विधायी कार्यवाही का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने की अपील की ; कहा कि सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए हानिकारक हैं**

**...**

**LEGISLATURES MUST TURN PUBLIC OPINION INTO POLICY: LOK SABHA SPEAKER/विधानमंडलों द्वारा जनमत को नीति का रूप दिया जाना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष**

**...**

**ARTIFICIAL INTELLIGENCE MUST BE USED RESPONSIBLY AND ETHICALLY TO PRESERVE DEMOCRATIC NORMS: LOK SABHA SPEAKER/पूर्वोत्तर के लिए विकास रणनीतियों में जलवायु संरक्षण, हरित बुनियादी ढांचे और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को एकीकृत किया जाना चाहिए: लोकसभा अध्यक्ष**

**...**

**STRONGER CENTRE–STATE COOPERATION CRITICAL TO DELIVER EFFECTIVE GOVERNANCE AND SUCCESSFUL POLICY OUTCOMES/ पूर्वोत्तर के सभी विधानमंडलों में उल्लेखनीय डिजिटल परिवर्तन हो रहा है , कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग जिम्मेदारी और नैतिक रूप से किया जाना चाहिए: लोकसभा अध्यक्ष**

**...**

**LOK SABHA SPEAKER CALLS FOR SPECIAL ACTION PLAN FOR DEVELOPMENT OF NORTHEASTERN STATES/पूर्वोत्तर के सभी विधानमंडलों में उल्लेखनीय डिजिटल परिवर्तन हो रहा है , कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग जिम्मेदारी और नैतिक रूप से किया जाना चाहिए: लोकसभा अध्यक्ष**

**...**

**LOK SABHA SPEAKER INAUGURATES 22ND CPA CONFERENCE IN KOHIMA; SAYS ALL NORTHEASTERN STATES, INCLUDING**

**NAGALAND, ARE PARTNERS IN THE VISION OF A SELF-RELIANT INDIA: LOK SABHA SPEAKER/लोक सभा अध्यक्ष ने कोहिमा में 22वें सीपीए सम्मेलन का उद्घाटन किया; लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि नागालैंड सहित सभी उत्तर-पूर्वी राज्य आत्मनिर्भर भारत के विजन में भागीदार हैं...**

...

**Kohima; 10 November; 2025:** Speaking to media persons today on the sidelines of the Annual Conference of the Commonwealth Parliamentary Association (CPA), India Region, Zone–III being held at the Nagaland Legislative Assembly in Kohima, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla made a strong appeal to all political parties to uphold the dignity of legislative institutions by ensuring their smooth and orderly functioning. The Speaker emphasized that democracy provides ample avenues to raise issues, express concerns, and engage in debate through peaceful, structured, and informed discussions. He cautioned that planned disruptions not only undermine democratic processes but also deprive citizens of meaningful deliberations and accountability. He made a strong pitch for preserving the dignity of the House, mentioning that the orderly conduct of legislative proceedings is paramount. Highlighting the vital role of Parliamentary Committees—describing them as "mini-parliaments"—Shri Birla noted that these bodies foster objectivity, transparency, and non-partisan scrutiny of government policies. Referring to the upcoming Winter Session of Parliament, scheduled to commence on 1 December 2025, the Speaker urged all political parties to ensure the smooth conduct of House proceedings. He further stressed that for transparent governance and welfare-oriented policymaking, the legislature must play a more active and constructive role.

Earlier, while inaugurating the Commonwealth Parliamentary Association (CPA) India Region, Zone–III Conference, the Speaker underlined that legislatures must play a pivotal role in transforming public opinion into policy. Shri Om Birla observed that the responsibility of legislatures extends beyond law-making—it is to translate the aspirations and concerns of the people into actionable policies. He emphasized that comprehensive development is possible only through active public participation, noting that true progress occurs when citizens are directly involved in the democratic process. Public representatives, he said, must therefore ensure that citizens' voices are meaningfully reflected in policymaking. The Speaker also highlighted the impact of new technologies and innovations in bringing citizens closer to democracy, pointing out that most legislatures have now transitioned to paperless and digital systems. He reiterated that the foundation of Indian democracy lies in its people, a principle deeply cherished by the framers of the Constitution, and stressed that transparency and accountability must remain central to democratic governance. Shri Birla further urged all legislative bodies to adopt measures such as live telecast of proceedings, citizen-friendly digital platforms, and enhanced outreach mechanisms to foster broader public engagement in the legislative process. "When public opinion forms the basis of policy in any state, that state achieves continuous and sustainable development," he added.

The Speaker commended the remarkable digital transformation taking place across the legislatures of the Northeast, noting it as a significant step toward modern and

transparent governance. He particularly praised the Nagaland Legislative Assembly for becoming a fully paperless legislature, describing it as a pioneering model of digital governance in India. Shri Birla observed that such digital initiatives not only enhance efficiency and transparency but also make legislative functioning more accessible and citizen-centric. At the same time, he cautioned against the irresponsible use of emerging technologies, particularly Artificial Intelligence (AI), and urged legislators to adopt AI in ways that promote transparency, strengthen democratic processes, and safeguard the integrity of legislative proceedings.

On Centre–State relations, the Speaker observed that while each level of government functions within clearly defined constitutional frameworks, effective collaboration between the two is vital for achieving tangible outcomes. He emphasised that constructive dialogue between the Centre and the States not only strengthens governance but also leads to policies that are more responsive, inclusive, and attuned to regional priorities. Shri Birla further noted that enhanced cooperation in recent years has already led to significant progress in infrastructure, connectivity, and public service delivery across the Northeastern region.

Emphasising the need for a comprehensive action plan for the holistic development of the Northeastern states, Shri Om Birla highlighted the importance of factoring in the region’s unique geographical conditions and climate-related challenges. He underscored that such a plan must specifically address emerging climate risks, including natural disasters, which have a profound impact on the region’s livelihoods and infrastructure. Stressing the importance of sustainable and inclusive growth, the Speaker stated that development strategies for the Northeast should integrate climate resilience, green infrastructure, and active community participation to ensure long-term progress. He further noted that collaborative efforts among the Centre, state governments, and local communities are essential to harness the region’s immense potential while preserving its rich biodiversity and cultural heritage.

Shri Om Birla observed that it is a matter of pride that all legislatures of the Northeastern region are upholding the tradition of collective deliberation and decision-making while being deeply attuned to local needs and aspirations. He noted that these legislatures are consistently working to strengthen accountability and transparency in governance, reflecting the true spirit of participatory democracy. The Lok Sabha Speaker further remarked that the Northeastern states are witnessing rapid progress in infrastructure development, particularly in road, rail, and air connectivity. In line with the vision of Prime Minister Shri Narendra Modi, he said, concrete efforts are being made to integrate the Northeast into the mainstream of national development. Highlighting the region’s immense potential for growth, Shri Birla noted that its vibrant culture, rich traditions, and natural beauty make it truly unique. He emphasised that promoting local products, arts, culture, and traditional crafts can play a pivotal role in advancing the goal of a self-reliant India (Atmanirbhar Bharat). The Speaker urged that legislatures adopt policies that foster industry and entrepreneurship, thereby creating greater opportunities for local communities and enabling broad-based economic empowerment.

Concluding his address, Shri Om Birla expressed confidence that the two-day CPA India Region, Zone–III Conference would yield substantive recommendations to strengthen democratic institutions across the region, refine legislative practices, and enhance public trust in governance. He extended his warm greetings to all delegates ahead of the upcoming Hornbill Festival, describing it as a global celebration of Nagaland's culture, resilience, artistry, and community spirit. Commending Nagaland's exceptional hospitality, the Speaker noted that such events foster closer bonds among Northeastern legislatures, providing a valuable platform for collective reflection on regional aspirations and developmental priorities. Expressing hope for meaningful deliberations during the conference, Shri Birla said he was confident that discussions on the theme "Policy, Progress, and Citizens: Legislature as Catalysts of Change" would lead to concrete action plans aimed at making Northeastern legislatures more empowered, accountable, and efficient.

During the event, Chief Minister, Nagaland, Shri Neiphiu Rio; Rajya Sabha Deputy Chairman, Shri Harivansh, Speaker, Speaker, Nagaland Legislative Assembly, Shri Sharingain Longkümer, and Minister for Parliamentary Affairs, Government of Nagaland, Shri K.G. Kenye also addressed the gathering. The legislatures of the eight Northeastern states of India are members of CPA Zone 3. In this conference, legislatures from 7 out of the 8 member states of this zone participated. A total of 12 presiding officers attended the conference, including 7 Speakers and 5 Deputy Speakers. Members of Parliament from this region and Members of the Legislative Assemblies also took part in the conference.

The theme of the Conference is "Policy, Progress & People: Legislatures as Catalysts of Change." The sub-themes are: (i) Role of Legislatures in Achieving Viksit Bharat @ 2047; and (ii) Climate Change–In the Light of Recent Cloudbursts and Landslides in Parts of the Northeast Region.

**कोहिमा; 10 नवंबर; 2025:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सभी राजनीतिक दलों से विधायी संस्थाओं के सुचारू और व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करके उनकी गरिमा बनाए रखने की पुरज़ोर अपील की। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि लोकतंत्र शांतिपूर्ण, सुनियोजित और सूचनाप्रद चर्चाओं के माध्यम से मुद्दों को उठाने, चिंताएँ व्यक्त करने और बहस में शामिल होने के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। कोहिमा स्थित नागालैंड विधान सभा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए), भारत क्षेत्र, ज़ोन-III के वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने आगाह किया कि सुनियोजित व्यवधान न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमज़ोर करते हैं, बल्कि नागरिकों को सार्थक विचार-विमर्श और जवाबदेही से भी वंचित करते हैं। 1 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले संसद के आगामी शीतकालीन सत्र का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने सभी राजनीतिक दलों से सदन की कार्यवाही का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का

आग्रह किया। उन्होंने आगे  कहा कि पारदर्शी शासन और कल्याणकारी नीति निर्माण के लिए विधानमंडलों को अधिक सक्रिय और रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है "नीति, प्रगति और नागरिक: परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विधायिका"। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि सम्मेलन के दौरान सार्थक विचार-विमर्श से पूर्वोत्तर की विधायिकाओं को अधिक सशक्त, जवाबदेह और कुशल बनाने के उद्देश्य से ठोस कार्य योजनाएँ तैयार होंगी।

इससे पहले, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र, जोन-III सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, अध्यक्ष महोदय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि विधानमंडलों को जनमत को नीति में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। श्री ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडलों का दायित्व मात्र कानून बनाने तक ही सीमित नहीं है—बल्कि उन्हें लोगों की आकांक्षाओं और सरोकारों को कार्यान्वयन-योग्य नीतियों का रूप भी देना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि व्यापक विकास केवल सक्रिय जनभागीदारी से ही संभव है, और कहा कि सच्ची प्रगति तब होती है जब नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्यक्ष ढंग से शामिल होते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नीति निर्माण में नागरिकों की आवाज़ सार्थक रूप से प्रतिबिंबित हो। अध्यक्ष महोदय ने लोकतंत्र को नागरिकों के निकट लाने में नई तकनीकों और नवाचारों के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकांश विधानमंडल अब पेपरलेस बन गए हैं और डिजिटल  प्रणालियों को अपना रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि भारत के लोग ही लोकतंत्र की नींव हैं और हमारे संविधान-निर्माताओं ने इसी सिद्धांत को सर्वोपरि रखा । उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतान्त्रिक शासन का आधार होना चाहिए। श्री बिरला ने सभी विधायी निकायों से विधायी प्रक्रिया में व्यापक जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने , नागरिक-अनुकूल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की सुविधा प्रदान करने और बेहतर पहुँच हेतु समुचित तंत्र विकसित करने जैसे उपायों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा, "जब किसी राज्य में जनमत नीति का आधार बनता है, तो वह राज्य निरंतर और सतत विकास प्राप्त करता है।"

अध्यक्ष ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विधानमंडलों में हो रहे उल्लेखनीय डिजिटल परिवर्तन की सराहना की और इसे आधुनिक और पारदर्शी शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विशेष रूप से नागालैंड विधान सभा के पूरी तरह से पेपरलेस विधानमंडल बनने पर इसकी प्रशंसा की और इसे भारत में डिजिटल शासन का एक अग्रणी मॉडल बताया। श्री बिरला ने कहा कि इस तरह की डिजिटल पहल न केवल दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाती है, बल्कि विधायी कार्यप्रणाली को अधिक सुलभ और जन-केंद्रित भी बनाती है। साथ ही, उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)

के गैर-ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में सावधान करते हुए विधायकों से एआई को इस ढंग से अपनाने का आग्रह किया जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिले, लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं मज़बूत हों और विधायी कार्यवाही में बाधा न आए ।

केंद्र और राज्यों के संबंधों के बारे में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यद्यपि सरकार का प्रत्येक स्तर स्पष्ट रूप से परिभाषित संवैधानिक ढाँचों के भीतर कार्य करता है, फिर भी ठोस परिणाम प्राप्त करने के लिए दोनों के बीच प्रभावी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि केंद्र और राज्यों के बीच रचनात्मक संवाद न केवल शासन को मज़बूत करता है, बल्कि इससे ऐसी नीतियों का निर्माण भी होता है जो अधिक उत्तरदायी, समावेशी और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप होती हैं। श्री बिरला ने आगे कहा कि हाल के वर्षों में बेहतर सहयोग से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अवसंरचना, संपर्क और सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप पूर्वोत्तर को विकास के केन्द्र के रूप में स्थापित करने तथा भारत की एक्ट ईस्ट नीति की धुरी बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर-पूर्वी राज्यों के समग्र विकास के लिए व्यापक कार्य योजना की आवश्यकता पर बल देते हुए, श्री ओम बिरला ने इस क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और जलवायु संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी कार्य योजना में प्राकृतिक आपदाओं सहित जलवायु संबंधी उभरते जोखिमों का विशेष रूप से समाधान किया जाना चाहिए, जिनका क्षेत्र की आजीविका और अवसंरचना पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सतत और समावेशी विकास के महत्व पर बल देते हुए, अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास से जुड़ी रणनीतियों में दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जलवायु संबंधी रेज़िलिएंस, हरित अवसंरचना और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए इसकी अपार क्षमता का दोहन करने के लिए केंद्र, राज्य सरकारों और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग आवश्यक हैं।

श्री ओम बिरला ने कहा कि यह गर्व की बात है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सभी विधानमंडल स्थानीय आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के प्रति सजग रहते हुए सामूहिक विचार-विमर्श और निर्णय लेने की परंपरा को कायम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये विधानमंडल शासन में जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, जो सहभागी लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाता है। लोक सभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में विशेषकर सड़क, रेल और हवाई संपर्क सहित अवसंरचना के विकास में तेज़ी से प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप, उत्तर-

पूर्वी क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में विद्यमान विकास की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इसकी जीवंत संस्कृति, समृद्ध परंपराएँ और प्राकृतिक सौंदर्य इसे वास्तव में अद्वितीय बनाते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्थानीय उत्पादों, कलाओं, संस्कृति और पारंपरिक शिल्पों को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अध्यक्ष महोदय ने विधानमंडलों से आग्रह किया कि वे ऐसी नीतियाँ अपनाएँ जो उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा दें, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए अधिक अवसर पैदा हों और व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण संभव हो।

अपने संबोधन का समापन करते हुए, श्री ओम बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि सीपीए भारत क्षेत्र, ज़ोन-III के दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान पूरे क्षेत्र में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत करने, विधायी प्रथाओं को बेहतर बनाने और शासन में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए ठोस सुझाव प्राप्त होंगे। उन्होंने आगामी हॉर्नबिल महोत्सव से पहले सभी प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई दी और इसे नागालैंड की संस्कृति, रेज़िलिएंस, कलात्मकता और सामुदायिक भावना का वैश्विक उत्सव बताया। नागालैंड में गर्मजोशी से किए गए आतिथ्य-सत्कार की सराहना करते हुए, अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इस तरह के आयोजन उत्तर-पूर्वी राज्यों की विधान सभाओं के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देते हैं और क्षेत्रीय आकांक्षाओं और विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर सामूहिक चिंतन के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। सम्मेलन के दौरान सार्थक विचार-विमर्श की आशा व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि "नीति, प्रगति और नागरिक: परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विधानमंडल" विषय पर चर्चा के माध्यम से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के राज्यों की विधानसभाओं को अधिक सशक्त, जवाबदेह और कुशल बनाने के उद्देश्य से ठोस कार्ययोजनाएँ बनाई जा सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान, नागालैंड के मुख्यमंत्री, श्री नेफ्यू रियो; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश, नागालैंड विधान सभा के अध्यक्ष, श्री शारिंगेन लोंगकुमेर और नागालैंड सरकार के संसदीय कार्य मंत्री, श्री के.जी. केन्ये ने भी सभा को संबोधित किया। भारत के आठ उत्तर-पूर्वी राज्यों के विधानमंडल सीपीए ज़ोन 3 के सदस्य हैं। इस सम्मेलन में इस ज़ोन के 8 सदस्य राज्यों में से 7 विधानमंडलों ने भाग लिया। सम्मेलन में कुल 12 पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 7 अध्यक्ष और 5 उपाध्यक्ष शामिल थे। इस क्षेत्र के संसद सदस्यों और विधान सभाओं के सदस्यों ने भी सम्मेलन में भाग लिया।